# धनतेरस और दीपावली में छाये रहेंगे बादल, लेकिन बारिश के आसार नहीं



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** मौसम विभाग के पूवार्नुमान के मुताबिक झारखंड में 11 नवंबर को रांची समेत पूरे झारखंड में मौसम का मिजाज बदल सकता है। इस दौरान आसमान में आंशिक बादल छाए रह सकते हैं, लेकिन बारिश की संभावना नहीं है। मौसम को लेकर कोई चेतावनी भी जारी नहीं की गयी है। झारखंड में 13 नवंबर तक बारिश के आसार नहीं हैं। आसमान मुख्यतः साफ रहेगा और मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

वहीं अगले चार दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। हालांकि अभी सुबह और शाम ठंड का एहसास हो रहा है। दिन का तापमान औसत 30 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

**झारखंड में शुष्क रहा मौसम :** पिछले 24 घंटे में झारखंड में मौसम शुष्क रहा। सबसे अधिक उच्चतम तापमान 32.8 डिग्री सेल्सियस चाईबासा में दर्ज किया गया, जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 14.5 डिग्री सेल्सियस गढ़वा में रिकॉर्ड किया गया।

# सजने लगा दिवाली बाजार



हाइकोर्ट में मीट शॉप विक्रेताओं से जुड़े मामले में सुनवाई

# राज्य सरकार और रांची नगर निगम को जवाब दाखिल करने का मिला अंतिम मौका

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची में मीट शॉप विक्रेताओं द्वारा दुकान के बाहर कटे हुए बकरा एवं मुर्गियों को खुले में प्रदर्शित किए जाने के खिलाफ श्यामानंद पांडे की जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में मंगलवार को हुई। मामले में हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य सरकार एवं रांची नगर निगम से जवाब दाखिल करने के लिए अंतिम मौका दिया। अगली सुनवाई 10 जनवरी 2024 को होगी। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने मीट शॉप विक्रेताओं के संबंध में रूल एवं रेगुलेशन की सरकार एवं निगम से जानकारी मांगी थी। मंगलवार की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने सरकार एवं नगर निगम के अधिवक्ता से पूछा कि क्या प्रार्थी द्वारा उठाए गए बिंदुओं पर आपने इंस्ट्रक्शन लिया है जिस पर सरकार और निगम की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए फिर से समय की मांग की गई। प्रार्थी ने याचिका में कहा है कि मीट विक्रेता बाहर खुले में कटा बकरा एवं मुर्गियों को प्रदर्शित करते हैं, यह नियम के खिलाफ है। सुप्रीम कोर्ट एवं विभिन्न हाई कोर्ट के गाइडलाइन के विपरीत है। इसलिए इसे रोका जाना चाहिए।

## रांची के नये डीपीएम बने प्रवीण कुमार

**रांची।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत स्वास्थ्य विभाग में रांची जिला में कार्यक्रम प्रबंधक (डीपीएम) के पद पर कार्यरत समरेश कुमार को स्थानांतरित करते हुए गढ़वा का डीपीएम बनाया गया है। वहीं गढ़वा के डीपीएम प्रवीण कुमार सिंह को स्थानांतरित करते हुए रांची का डीपीएम बनाया गया है। इस बाबत अभियान निदेशक आलोक त्रिवेदी ने अधिसूचना जारी कर दी है। इस पर अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह का अनुमोदन प्राप्त है।

# जनजातियों का आज होगा महाजुटान

संदर्भ : सरना धर्म कोड

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सरना धर्म कोड लागू करने की मांग को लेकर आज मोरहाबादी मैदान में जनजातियों का महाजुटान होगा। आदिवासी सेंगेल अभियान के बैनर तले आयोजित होने वाले इस जनसभा में धार्मिक आजादी के संघर्ष को मंजिल तक पहुंचाने का शंखनाद किया जाएगा। सरना जनसभा के जरिये रांची से निर्णायक जन आंदोलन का आगाज होगा जो देश के 15 करोड़ आदिवासियों के सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक गुलामी से आजादी के रोड मैप को प्रस्तुत करेगा। जनसभा दिन के 12 बजे से शुरू होगा।

**असम और अरुणाचल से भी जनजाति करेंगे शिरकत :** इस जनसभा में पूर्वोत्तर भारत के विभिन्न जनजातीय समूह के सदस्य भी शामिल होंगे। असम और अरुणाचल प्रदेश के सुदूरवर्ती इलाकों से बड़ी संख्या में रांची के आसपास के जिलों में पहुंचने लगे हैं। इस जनसभा के जरिए जहां सरना धर्मकोड की मांग केन्द्र सरकार से की जायेगी। वहीं जनजातीय एकजुटता का परिचय देने का काम किया जायेगा।

**झारखंड विधानसभा से हो चुका है पारित :** हेमंत सरकार ने सरना आदिवासी धर्म कोड का प्रस्ताव 11 नवंबर 2020 को झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र से पास कराकर केंद्र सरकार से 2021 की जनगणना में संशोधन करने की मांग रखी गई थी। उसके बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर सरना धर्म कोड को जनगणना में शामिल करने की मांग रखी थी।

पर्व-त्योहारों में विधि-व्यवस्था को लेकर डीसी और एसएसपी ने की बैठक

# शहर में हर गतिविधि पर प्रशासन और पुलिस की रहेगी पैनी नजर

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** आगामी पर्व त्योहार को लेकर रांची के उपायुक्त और एसएसपी ने बैठक की। इस बैठक में निर्णय लिया गया कि शहरवासियों को त्योहारों में परेशानी न हो इसका ध्यान रखा जाएगा। शहर की हर गतिविधि पर जिला प्रशासन और रांची पुलिस की पैनी नजर रहेगी। अधिकारियों को छठ घाटों की साफ-सफाई, विद्युत व्यवस्था, पहुंच पथ एवं सुरक्षा व्यवस्था के बेहतर इंतजाम सुनिश्चित कराने को लेकर दिशा-निर्देश दिया गया।

बैठक में सिटी एसपी राजकुमार मेहता, ट्रैफिक एसपी कुमार गौरव, एसडीओ रांची दीपक कुमार दूबे, अपर जिला दंडाधिकारी राजेश्वर नाथ आलोक, सभी पुलिस उपाधीक्षक, सभी अंचलाधिकारी, सभी कार्यपालक दण्डाधिकारी, जिला नजारत उप समाहर्त्ता रांची केवल कृष्ण अग्रवाल, सभी कार्यपालक अभियंता, विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, रांची, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता नागरिक अंचल, रांची सभी पुलिस निरीक्षक, थाना प्रभारी, राँची जिला, जिला अग्निशाम पदाधिकारी, डोरंडा, आड्रे हाउस, रॉची, सभी अध्यक्ष सचिव, छठ पूजा समिति, राँची के सदस्य एवं सम्बंधित सभी अधिकारी उपस्थित थे।



## छठ, काली पूजा के मद्देनजर बिंदुवार समीक्षा

उपायुक्त ने महापर्व छठ पूजा और काली पूजा के मद्देनजर कहा कि रांची शहर और आस-पास 72 से अधिक जगहों में छठ होता है। उन्होंने साफ-सफाई कार्यों के अतिरिक्त डैम, तालाब और नदियों के तट, छठ घाट तथा इनके संपर्क पथों और उसके आस-पास क्षेत्रों की साफ-सफाई, नियमित कचरा उठाव, नालियों की सफाई, खुले नालियों पर स्लैब कवर करना, ब्लीचिंग पावडर का छिड़काव, खराब एलईडी स्ट्रीट लाइट की मरम्मत करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने काली पूजा के प्रमुख पंडालों और अन्य पंडालों में सभी आवश्यक व्यवस्था करने और पूजा समिति के सदस्यों के साथ बैठक करने को कहा ताकि लोगों को कोई समस्या न हो। उन्होंने कहा कि संबंधित थाना प्रभारी इसपर विशेष नजर बना कर रखेंगे कि विधि-व्यवस्था की समस्या ना हो।

**छठ घाटों पर एनडीआरएफ, स्थानीय गोताखोर की तैनाती :** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने सभी सम्बंधित अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि छठ घाटों पर विशेष निगरानी रखें एवं इन जगहों पर एनडीआरएफ, स्थानीय गोताखोर की तैनाती छठ महापर्व के दौरान आवश्यक रूप से रखने को कहा ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।

**प्रमुख छठ घाटों पर चेंजिंग रूम बनाने के निर्देश :** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा द्वारा प्रमुख छठ घाटों पर चेंजिंग रूम बनाने के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा चेंजिंग रूम बनने से छठ व्रतियों को काफी सहूलियत होगी, इसको बनवाना सुनिश्चित करें। आगामी महापर्व छठ पूजा/काली पूजा में विधी-व्यवस्था एवं चोरी, छिनतई या लूट की घटना पर सभी सम्बंधित थाना प्रभारी विशेष नजर रखें।

## थाना प्रभारी अपने क्षेत्र में करें गश्ती

एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने सभी पुलिस पदाधिकारी को निर्देश दिया कि छठ पूजा और काली पूजा में विधि-व्यवस्था बनाये रखें। इसके अलावा चोरी, छिनतई या लूट की घटना पर सभी सम्बंधित थाना प्रभारी विशेष नजर रखें ताकि इस तरह की घटना को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि अगर ऐसी घटना होती है तो संबंधित थाना प्रभारी त्वरित गति से कार्रवाई करें एवं अपने अपने थाना क्षेत्रों में पेट्रोलिंग करें। वरीय पुलिस अधीक्षक ने सभी छठ पूजा समिति एवं काली पूजा समिति के सदस्यों से उनके सुझाव एवं समस्या पर बात करें। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन और पुलिस लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा तैयार है। सभी को हर सम्भव मदद की जायेगी।

# रिम्स के न्यूरोसर्जरी विभाग में फर्श पर इलाजरत मरीजों को मिलेगा बेड

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रिम्स के न्यूरोसर्जरी विभाग में फर्श पर इलाजरत मरीजों को प्रबंधन की ओर से बेड की सुविधा मिलेगी। मरीजों को लेकर रिम्स प्रबंधन इन दिनों काफी गंभीर है। रिम्स में प्रभारी निदेशक बनाये जाने के साथ ही डॉ आरके गुप्ता ने रिम्स की व्यवस्था को बदलने की ठान ली है। सेंट्रल इमरजेंसी से लेकर न्यूरोसर्जरी विभाग तक मरीजों को कैसे बेहतर इलाज मिल सके, इसपर ब्लूप्रिंट तैयार कर काम किया जा रहा है। मालूम हो कि यहां के न्यूरोसर्जरी विभाग में सालों भर मरीजों को फर्श पर इलाज करने की विवशता बनी रहती है। ऐसे में इस समस्या से निजात दिलाने के लिए प्रबंधन ने कदम उठाया है। पुराने सेंट्रल इमरजेंसी को डेडीकेटेड न्यूरोसर्जरी वार्ड के रूप में विकसित किया जा रहा है। युद्ध स्तर पर काम किया जा रहा है। एक महीना के अंदर काम पूरा कर प्रबंधन को हैंडओवर कर दिया जाएगा, जहां 50 बेड की व्यवस्था होगी।

रिम्स निदेशक डॉ. राजीव गुप्ता ने कहा कि पुराने इमरजेंसी में अभी 50 बेड की व्यवस्था शुरू की जाएगी। करीब इतने ही रोगी फर्श पर इलाज कराते हैं। वार्ड शुरू होने से फर्श पर इलाज बंद करा दिया जाएगा। पुराने इमरजेंसी में ऑक्सीजन प्वाइंट पहले से लगे हैं, इन्हें भी दुरुस्त किया जा रहा है। यहां हर बेड पर वेंटिलेटर की सुविधा देने की तैयारी है।

### पुरानी सेंट्रल इमरजेंसी को लेबर रूम में करना था तब्दील



शुरूआत में पुराने सेंट्रल इमरजेंसी को लेबर रूम में तब्दील करने की तैयारी थी। यहां दर्द से कराहती गर्भवती महिलाओं को भी चौथे तल्ले पर ले जाना मुश्किल हो जाता था। कई बार लिफ्ट खराब होने के कारण गर्भवती को रैंप से चलाकर ले जाना पड़ता है। इस दौरान उनकी पीड़ा और बढ़ जाती है। यही कारण है कि लेबर रूम को ग्राउंड फ्लोर में लाने की तैयारी थी। हालांकि, प्रबंधन ने तत्काल न्यूरोसर्जरी के रोगियों की पीड़ा को समझते हुए इसे न्यूरोसर्जरी वार्ड में तब्दील करने का फैसला लिया है।

## युवती के अपहरण की कोशिश, पहुंची पुलिस



**रांची।** सुखदेवनगर थाना एरिया के मधुकम से रविवार रात एक युवती के जबरन अपहरण करने की कोशिश की गयी। घटना देर रात की बतायी जाती है। युवती के अपहरण की सूचना राज्य के एक जिले में पदस्थापित एसपी ने रांची पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस एक्टिव हुई और वारदात स्थल पर पहुंची। जिस युवती के अपहरण की सूचना मिली वह उस एरिया के बॉस कहे जानेवाले एक व्यक्ति का घर है। पुलिस ने इस मामले में युवती से बयान लिया है और बयान के आधार पर पुलिस आरोपियों के खिलाफ पुलिस छापेमारी कर रही है।

## बीआइटी लालपुर में खेल महोत्सव टीम यूरेका और ज्यूस बनी विजेता

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** बीआइटी लालपुर में चल रहे खेल महोत्सव में मंगलवार को महिलाओं की टीम यूरेका और रोप वारियर्स के बीच फाइनल मुकाबला हुआ। दोनों टीमों ने बेहतर खेल का प्रदर्शन किया। इस रोमांचक मुकाबले में रोप वारियर्स की टीम ने फाइनल का खिताब जीत लिया। इस खेल में इशानी कपूर, अभिलाषा, खुशी सृष्टि ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। वहीं, उपविजेता टीम की ओर से अपूर्वा, मीनल और विश्वा ने काफी मेहनत किया पर रस्सी अपने पाले में खींच न सकीं। जबकि, पुरूषों का मुकाबला टीम ज्यूस ने खिताब जीता। आज से वॉलीबॉल के मैच होगा, जो 12 टीमों के बीच मुकाबला होगा।

# मास्टर ट्रेनर्स ने जाना चुनाव प्रबंधन

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर झारखण्ड शिक्षा परियोजना पर्षद धुर्वा में मंगलवार को जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें जिलों के चुनाव प्रबंधन की योजना, भेद्यता मानचित्रण, मतदान दल और मतदान दिवस की व्यवस्था एवं मतदान केंद्र के बारे में जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स को जानकारी दी गयी। मौके पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन कार्यों में अत्यंत गंभीरता और जिम्मेदारी की आवश्यकता होती है। ऐसे में सभी पदाधिकारी नियमों और मैन्युअल का नियमित अध्ययन करते रहें। निर्वाचन कार्यों में कहीं भी अंदाजा लगाकर काम नहीं करना है। उन्होंने चुनावी जोखिमों के प्रबंधन एवं पुलिस बल की तैनाती आदि विषय पर भी विस्तृत प्रकाश डाला।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने शंकाओं का समाधान किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में ओएसडी गीता चौबे, अवर सचिव देवदास दत्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी संजय कुमार, अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार समेत कई पदाधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

नेता प्रतिपक्ष के रूप में अमर बाउरी का भाजपा मुख्यालय में अभिनंदन

# झारखंड को भाजपा ही संवारेगी : अमर बाउरी

पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा- सबका साथ,सबका विकास के मंत्र के साथ विकास करना प्राथमिकता

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा विधायक दल के नेता अमर बाउरी को मिले नये दायित्व की खुशी में मंगलवार को उनका अभिनंदन किया गया। यह आयोजन पार्टी मुख्यालय के पंडित दीनदयाल उपाध्याय सभागार में किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि भाजपा देश को जोड़ने का कार्य कर रही है। पूरा विश्व भारत को सम्मान की नजर से देख रहा है। भाजपा का उद्देश्य सत्ता प्राप्ति नहीं है, बल्की सत्ता के माध्यम से देश का विकास करना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास के मूलमंत्र के साथ देश का विकास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रयास से ही झारखंड और छत्तीसगढ़ का गठन हुआ है और इन राज्य को भाजपा ही संवारेगी। भाजपा 18 करोड़ से अधिक की सदस्यों वाली पार्टी है।

इस अवसर पर अमर कुमार बाउरी ने कहा कि हमें गर्व है कि विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के सदस्य है। बाबा साहेब के द्वारा दिये गये संविधान को देश में क्रियान्वित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के देश की बागडोर संभालने के बाद से ही शुरू हुआ। अटल बिहारी बाजपेयी ने जब प्रधानमंत्री का पद संभाला तो उन्होंने देश के ग्रामीण क्षेत्र में सड़कों का निर्माण करवाया। सर्व शिक्षा अभियान के तहत छात्रों को शिक्षा से जोड़ा। उन्होंने कहा कि देश की जनता ने जब से कमल के निशान पर वोट दिया है। तब से देश की जनता को आयुष्मान योजना के तहत 5 लाख का स्वास्थ्य बीमा, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत के पक्के मकान, नल जल योजना के तहत हर घर में शुद्ध पेय जल, किसानों को सम्मान निधि के माध्यम से कृषि के लिए प्रोत्साहित, युवाओं को स्वरोजगार एवं रोजगार उपलब्ध करना आदि कई ऐसी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि यह पहली बार हो रहा जब कोई प्रधानमंत्री धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा को नमन करने के लिए झारखंड की धरती पर आ रहे ह। कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश पदाधिकारी सभी मोर्चा के पदाधिकारी एवं अन्य कार्यकताओं ने अमर कुमार बाउरी को अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ, पुस्तक, प्रतिमा आदि देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर बालमुकुन्द सहाय, सरोज सिंह,अविनेश सिंह, अशोक बड़ाईक, पवन साहू, आरती कुजूर, अमरदीप यादव, अनवर हयात, प्रभात भुइयां, सीमा पासवान, ध्रुव कुमार हरी, विमल बैठा, रंजय भारती, रंजन पासवान, कमलेश राम, विशाल वाल्मीकि, राकेश कुमार, शंकर रजक, जोगेंद्र लाल, राजीव राज लाल सहित अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष, जिला प्रभारी, प्रमंडलीय प्रभारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।



स्पीड न्यूज

## इटकी बाजार में पत्रकार की मोबाइल चोरी गयी

इटकी। इटकी थाना क्षेत्र के कुर्गी बाजार से मंगलवार की शाम करीब पांच बजे अज्ञात चोर ने पत्रकार एमएम राही का मोबाइल की चोरी कर ली। पत्रकार कुर्गी बाजार में सब्जी खरीद रहे थे इसी क्रम में चोर ने ओप्पो फाइंड एक्स टू एनरॉयड मोबाइल चोरी कर ली और फौरन मोबाइल को स्विच ऑफ कर लिया। पत्रकार ने सब्जी विक्रेता के मोबाइल से अपने नंबर पर तुरंत कॉल करने पर मोबाइल स्विच ऑफ बताया। पत्रकार एमएम राही ने इटकी थाना प्रभारी अमित प्रशांत को मोबाइल चोरी होने की सूचना दी है।

## सिरका को आदर्श पंचायत के रूप में विकसित करने की मांग

अनगड़ा। प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत सिरका पंचायत को आदर्श पंचायत के रूप में विकसित करने की मांग एवं पंचायत की विभिन्न समस्याओं को लेकर मंगलवार को सिरका पंचायत मुखिया रोशनलाल मुंडा के नेतृत्व में राज्य सभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू को एक ज्ञापन सौंपा गया। कसांसद ने आश्वासन दिया कि अधिकारियों से इस सबध मे बात कर मांगों का पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष नरेश साहू युवा नेता आशीष साहू,बिपिन मुंडा शिबू मुन्डा,राजू महतो पारस महतो इत्यादि उपस्थित थे।

## किसानों के बीच सरसों और मसूर बीज वितरित

रातू। कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण आत्मा के द्वारा कृषि उन्नति योजना अंतर्गत, प्रखंड कृषि तकनीकी सूचना केन्द्र सभागार में जिला स्तरीय पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न हो गया। शिविर में पौधा संरक्षण प्रभारी रघुनंदन प्रजापति एवं कृषि विशेषज्ञ बलराम कुमार के द्वारा समेकित कृषि प्रणाली विषय पर समेकित कीट प्रबंधन व सूक्ष्म सिंचाई विषय पर किसानी को प्रशिक्षण दिया गया। बीटीएम मुनी कुजूर ने बताया कि शिविर में जैविक खेती, प्राकृतिक खेती, सब्जी उत्पादन की नयी तकनीक, पशुपालन समेकित पशुपालन, मतस्य पालन के बारे में दिया। ताकि, किसानों को आर्थिक मजबूती मिल सके। समापन समारोह में बीडीओ हरिशंकर बारिक ने किसानों को प्रमाण पत्र देकर सरसो व मसूर बीज का भी वितरण किया। मौके पर पौधा संरक्षक पर्यवेक्षक समीर रंजन, रघुनंदन प्रजापति, लक्ष्मण उरांव, फुलमनी देवी, वीणा देवी, जयंती कुमारी, विराज लकड़ा सहित प्रगतिशील किसान मौजूद थे।

## लपरा शिव मंदिर जीर्णोद्धार को लेकर ग्रामीणों की बैठक

खलारी। लपरा शिव मंदिर परिसर में मंदिर जीर्णोद्धार को लेकर ग्रामीणों की एक बैठक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता लपरा पंचायत के ग्राम प्रधान हरी पाहन ने किया। बैठक में मुख्य रूप से लपरा मुखिया पुतुल देवी,अनिल गंझू,भोला साव,रवि प्रकाश गुप्ता, अनिल गुप्ता,रोहित यादव,मनोहर महतो, सुजीत कुमार, नवीन कुमार, सहित अन्य लोग उपस्थित थे। बैठक में प्राचीन शिव मंदिर के जीर्णोद्धार को लेकर चर्चा किया गया, तत्पश्चात एक कमेटी का गठन किया गया। जिसमें संरक्षक पुतुल देवी, दौलत शर्मा, मधुसूदन चौरसिया, गणेश प्रसाद गुप्ता, हरी पाहन अध्यक्ष जितेंद्र नाथ पांडे उपाध्यक्ष पुतुल चौरसिया, अविनाश पांडे, अमित गुप्ता, रमेश गुप्ता, विजय उपसचिव प्रदीप यादव, सुबोध रजक, सुनील गिरी, रोशन लोहरा कोषाध्यक्ष मनोज गिरी, सुनील गिरी सहित कुल 26 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया।

## राजेश्वर चैधरी सद्भावना फुटबॉल प्रतियोगिता

ओरमांझी। आदर्श स्कूल मैदान पांचा में खेली जा रही स्व राजेश्वर चैधरी फुटबॉल प्रतियोगिता के तीसरे दिन पहले मैच में कैफरसी खटंगा रांची ने केफसी बेड़ो बॉय को ट्राइब्रेकर में 5-4 से हरा दिया। वहीं दूसरे मैच में कैफरसी गुगाई एंव जेबीकेएसएस के बीच हुआ। जेबीकेएसएस की टीम ने दो मैदानी गोल कर मैच जीत कर क्वाटर फाइनल में पहुंची। बाद में दोनों विजेता टीमों के बीच क्वाटर फाइनल खेला गया। निर्धारित समय में एक-एक गोल से बराबरी रहने के बाद मैच का निर्णय ट्राइब्रेक से हुआ। जिसमें कैफरसी खटंगा रांची की टीम 7-6 से जीत कर सेमीफाइनल में अपना स्थान सुक्षित किया।

# बिरसा जैविक उद्यान में तितली पार्क का उद्घाटन

## सैलानियों को तितलियों का जीवन चक्र जानने का मिलेगा अवसर

खबर मन्त्र संवाददाता



तितली पार्क का उद्घाटन करते मुख्य अतिथि

ओरमांझी। भगवान बिरसा जैविक उद्यान ओरमांझी आने वाले सैलानी अब रंग बिरंगे तितलियों को देखने का भी लुफ्त उठा सकेंगे। जैविक उद्यान के 20 एकड़ भु-भाग में फैली नवनिर्मित तितली (बटरफलाई) का उद्घाटन मंगलवार को मुख्य अतिथि वन पर्यावरण एंव जलवायु परिवर्तन विभाग झारखंड सरकार के अपर मुख्य सचिव एल. ख्यांगते द्वारा उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा रांची शहर के नजदिक बिरसा जैविक उद्यान व देश का सबसे बड़े मछलीघर (एकोरियम) के साथ अब सैलानी तितलियों को देखने का लुफ्त उठाएगें। सैलानी के साथ जैविक उद्यान आने वाले बच्चों को तितलियों की व्यवहार जानने व समझने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा देश का सबसे बड़ा कंजरवेटी तितली पार्क रांची शहर के साथ झारखंड का भी गौरव बढाएगी। मौके पर वन्यप्राणी एंव मुख्य वन्यप्राणी प्रतिपालक प्रधान मुख्य संरक्षक कुलवंत सिंह, प्रधान मुख्य वन संरक्षक संजय श्रीवास्तव, मुख्य वन्य संरक्षक सह जैविक उद्यान के निदेषक जबर सिंह, एसीएफ आशोक कुमार, उद्यान के पशु चिकित्सक डा. ओमप्रकाश साहू, वनक्षेत्र पदाधिकारी बाबुराम कुमार, प्रमोद कुमार, जीव विज्ञानी पार्थ सारथी मंडल, विवेकानंद कुमार, वनरक्षी ललन सिंह, अमित कुमार, मुकेश कुमार, राकेश अवस्थी व जैविक उद्यान कर्मियों के साथ विभिन्न स्कूल के बच्चें आदि उपस्थित थें।

### किसने क्या कहा

अनोखा है जैविक उद्यान का तितली पार्क- वन्यप्राणी प्रतिपालक प्रधान मुख्य संरक्षक कुलवंत सिंह ने तितली पार्क उद्धाटन के बाद अनोखा बताया और कहा तितलियों के प्रजनन व व्यवहार को जानने के साथ लोगों में वन्य जीव संरक्षण के प्रति जागरूकता आएगी। उन्होने कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों को वन्य जीव के प्रति जागरूकता फैलाने की अपील की और कहा बच्चें वन्य जीव के लिए ब्रांड एंबेसडर बन सकते हैं।

**सभी तितलियो का होस्ट प्लांट अलग** जैविक उद्यान के निदेषक ने बताया कि तितलियों का जीवन चक्र 20 से 30 दिन का होता है। ज्यादात तितलियां पक्षियों का अहार बन जाते हैं। तितलियों के प्रजाति अनुरूप कंजरवेटरी में अलग-अलग होस्ट प्लांट लगाए गए हैं। इससे तितलियों को सुरक्षा के साथ प्रजनन के लिए भी बेहतर होगी।

**स्कूली बच्चों ने पार्क में उठाया** उदघाटन के मौके पर विशेष रूप से उपस्थित विभिन्न स्कूल के दर्जनों छात्र-छात्राओं ने तितली पार्क का परिभ्रमण किया। रंग-बिरंगे तितलियों के पार्क में खिले विभिन्न प्रकार के सुंदर फुलों को लुफ्त उठाया। तितलियों को नजदिक से उड़ता देख बच्चों में का तितलियों को जानने की जिज्ञासा भी देखी गई। वहीं उद्यान द्वारा सभी बच्चों को मेमेंटो देकर स्वागत किया गया।

# शिलान्यास विवाद पर बिफरे सहायक अभियंता प्रदीप कुमार



रातू। हटिया विधायक की ओर से मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना में पथ और नाली निर्माण के शिलापट्ट में जिप अध्यक्ष के नाम न होने पर विभाग के सहायक अभियंता प्रदीप कुमार ने श्री नवीन जायसवाल की जमकर क्लास लगायी और पट्ट से उनके नाम को मिटा दिया। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों के अपमान पर गहरी चिंता जतायी और योजनाओं की दोबारा आधारशिला रखे जाने की बात कही। कुमार ने स्पष्ट किया कि नये शिलापट्ट में जिप अध्यक्ष के अलावा संबंधित पंचायत के मुखिया, सरपंच और वार्ड सदस्यों का भी नाम अंकित होगा। इससे पहले विधायक ने चटकपुर व नवांसोसो में दो योजना का शिलान्यास किया। बताते चलें कि 5 नवंबर को भी उन्होंने कमड़े और आनंदमयी नगर में पीसीसी पथ व पक्की नाली की आधारशिला रखी थी। इस बीच श्रीमती भगत की अगुआई में प्रतिनिधि और स्थानीय लोगों ने शिलापट्ट में जिप अध्यक्ष का नाम नहीं होने पर आपत्ति जतायी।

## विधायक राजेश कच्छप के सौजन्य से दस कर्म के लिए सहयोग प्रदान किया गया



अनगड़ा। प्रखड के ग्राम पुरना पानी कॉलोनी निवासी स्वर्गीय कुलदीप भोक्ता के दस कर्म हेतु खिजरी विधायक राजेश कच्छप के सौजन्य से सूखा राशन उपलब्ध कराया गया। मौके पर पूर्व प्रखंड अध्यक्ष एतवा उरांव महिला प्रखण्ड अध्यक्ष सरीता देवी पूर्व मुखिया अनीता देवी पंचायत अध्यक्ष अंकित मुण्डा यशोदा देवी ग्राम प्रधान सुखराम उरां आशीष, आनंद, भोग्ता, संतोष संगीता कैथ इत्यादि उपस्थित थे।

## रातू : हाइकोर्ट में नौकरी के नाम पर लाखों की ठगी

खबर मन्त्र संवाददाता



रातू। थाना क्षेत्र के झिरी आनंद नगर और चटकपुर के दो लोगों से रांची हाई कोर्ट में नौकरी लगा देने के नाम पर 3 लाख 38 हजार रुपये के ठगी की बात सामने आयी है। मामले को लेकर चटकपुर की अंजु कुमारी और आनंद नगर के रंजीत कुमार साव ने मंगलवार को एके जायसवाल के खिलाफ रातू में भादवि की धारा 406, 419, 420 व 120 बी के तहत कांड संख्या 428/23 दर्ज कराया है। जानकारी के मुताबिक, आरोपित जायसवाल ने एक जज को अपना भाई बता भुक्तभोगी के बच्चों को कोर्ट में चतुर्थ वर्ग के खाली पदों में नौकरी लगा देने का झांसा दिया। वह कोर्ट में वकील का ड्रेस पहनकर आता था। जज को भाई बताने से पीड़ित परिवार को लगा कि आदमी सही है। उन्होंने उसे चेक के जरिये रिश्वत दी। जब उससे संपर्क करने की कोशिश की गयी, तो उसके मोबाइल का स्वीच ऑफ बताने लगा। वह गढ़वा जिले के हैदर नगर कोटारी का रहने वाला है। पुलिस इसकी तफ्तीश कर रही है।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा।
सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं0 822114
Email : eedwsd.garhwa1@gmail.com

निविदा रद्द की सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा अन्तर्गत आमंत्रित अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–DWSD/GAR-16/2023-24 दिनांक–17.10.2023 Construction of Gravel Packed tube well of 300x125 mm dia and 60 mtrs (av.) depth complete (by Mechanical Rotary Rig Machine with mud pump mounted on Truck) and D.T.H. Rig machine with installation of india Mark-II Hand pump under D.W.& S.Division, Garhwa for the year 2023-24 कार्य जो PR No. 309395 Drinking Water and Sanitation 23-24 (D) द्वारा प्रकाशित है, जिसे अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है :–

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,
गढ़वा।

PR 310917 Drinking Water and Sanitation(23-24)D

# मांडर कॉलेज के 58 छात्र फेल, कंट्रोलर को ज्ञापन सौंपा

खबर मन्त्र संवाददाता



मांडर। मांडर कॉलेज मांडर के सत्र 2020 से 2023 के सभी छात्र-छात्राओं को सेमेस्टर 5 का रिजल्ट फाइनल ईयर सेमेस्टर 6 में नहीं जोड़े जाने के कारण भूगोल ऑनर्स के 58 छात्रों को फेल कर दिया गया है। जिसे लेकर सोमवार को मांडर कालेज के भारतीय राष्ट्रीय छात्र संघ के एक प्रतिनिधि मण्डल रांची यूनिवर्सिटी रांची के कंट्रोलर को सेमेस्टर 5 के रिजल्ट को सेमेस्टर 6 में जोड़े जाने के संदर्भ में ज्ञापन सौंपा। बताते चले ये सभी विद्यार्थी प्रोजेक्ट वर्क के तहत शिक्षण भ्रमण गए थे ठीक उसी समय उनके सेमेस्टर 5 की परीक्षा का रूटीन जारी कर दिया गया। जाने से पूर्व विभाग के एचओडी जयप्रकाश रजक द्वारा इसकी सूचना विश्वविद्यालय प्रबंधन को दी गई। विश्वविद्यालय प्रबंधन द्वारा इन विद्यार्थियों के एक पेपर की विशेष परीक्षा लेने की बात कही गई। भ्रमण से आने के बाद विद्यार्थियों ने उसे पेपर की परीक्षा भी लिखी पर उसका रिजल्ट जारी नहीं किया गया। विद्याथीयों के अनुसार अभी तक उस विशेष परीक्षा की कॉपी ही नहीं जांची गई है, जिसके कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है। इसी बीच इन सारे विद्यार्थियों का सेमेस्टर 6 का भी परीक्षा परिणाम आ गया। एक विषय का नंबर नहीं जुड़ने के कारण इन सभी का फाइनल रिजल्ट पेंडिंग में पड़ा हुआ है। अब स्नातक के फाइनल रिजल्ट आने के बाद रांची विश्वविद्यालय रांची द्वारा एमए में नामांकन के लिए ऑनलाइन पोर्टल खोला गया था जहां विद्यार्थियों को अपनी मनपसंद कॉलेज का चयन करना था। समय सीमा समाप्त हो जाने के बाद अब वह पोर्टल बंद कर दिया गया है। ऐसे में विद्यार्थियों के सामने यह समस्या आन खड़ी हुई है। हालांकि कालेज प्रबंधन द्वारा उन्हें सांत्वना दी गई है की विश्वविद्यालय प्रबंधन से आग्रह कर एक बार फिर से नामांकन हेतु ऑनलाइन पोर्टल को खुलवाया जाएगा। इसी उम्मीद में विद्यार्थी कभी महा विद्यालय तो कभी विश्वविद्यालय के चक्कर काट रहे हैं।

## अबतक गिरफ्तारी नहीं, आंदोलन के मूड में जिला के मीडियाकर्मी

### पत्रकार पुत्र पर जनलेवा हमला व लूटपाट मामला

रांची। रातू थाना क्षेत्र के परहेपाट में पत्रकार शेख मुजिबुल के पुत्र तनवीर हसन उर्फ मंटू पर हुये हमले और लूटपाट मामले में 36 घंटे बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से मीडिया कर्मियों का गुस्सा उबाल पर है। वह आंदोलन की मूड में है। इसकी रणनीति बनायी जा रही है। इसके पहले चरण में पीड़ित परिवार थाना गेट में सांकेतिक धरना पर बैठेंगे। इस पर भी बात नहीं बनी, तो जिले के सीनियर एसपी दफ्तर के बाहर पत्रकार संगठन और जिला के मीडिया कर्मियों की ओर से प्रदर्शन किया जायेगा। बताते चलें कि 6 नवंबर को दिन के 11 बजे हुरहुरी के युवक से तीन अपराधियो ने हथियार का भय दिखाकर बाइक, 50 हजार नकद और गले से सोने की चेन लूट फरार हो गये थे। पुलिस आरोपियों के घर से मोटर साइकिल बरामद कर ली है।

**केस उठाने का दबाव**

भुक्तभोगी की ओर से परहेपात के ही चाद अंसारी, महफुज अंसारी और जाबिर अंसारी पर प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। इसके बाद से मंटू पर केस उठा लेने का दबाव बनाया जा रहा है। पीड़ित परिवार को धमकी मिलने की भी खबर है। हालांकि, इसकी पुष्टि नहीं हो पायी है। इसे लेकर तनवीर के घर वाले भयभीत हैं।

## राहे में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खोलने की सुदेश महतो ने की मांग

राहे। विधायक सुदेश महतो ने स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव को पत्र लिख कर राहे प्रखंड में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खोलने की मांग किये है। विधायक ने कहे है कि 9 पंचायत के प्रखंड में बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध नही है जिस कारण ग्रामीणों को काफी परेशानी होती है। ग्रामीणों के परेशानी को देखते हुये तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना करते हुए नये भवन कि स्वीकृति दी जाय।

एक नजर में

## ग्रामीण कार्य विभाग मुख्य एवं अधीक्षण अभियंता होगे राम प्यार प्रसाद

**खबर का असर** अनगड़ा। ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क बनाने वाली सरकार के एक प्रमुख विभाग ग्रामीण कार्य विभाग के अभियन्ता प्रमुख सहित मुख्य अभियन्ता एवं अधीक्षण अभियन्ता का पद एक नवम्बर से खाली हो गए थे। इस खबर को दैनिक खबर मंत्र अखबार ने प्रमुखता से छापा था। खबर का असर यह हुआ की सरकार ने इसे गम्भीरता से संज्ञान में लिया और चार अक्टूबर को करीब तीन माह से रिक्त अभियन्ता प्रमुख के पद पर सरकार के द्वार अधिसूचना जारी कर जेएसआरआरडीए के मुख्य अभियन्ता सिंगराय टूटी को अभियन्ता प्रमुख का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया। तथा सात अक्टूबर को अधिसूचना जारी कर हजारीबाग के अधीक्षण अभियन्ता राम प्यारे प्रसाद को स्थानांतरित कर ग्रामीण कार्य विभाग रांची अंचल का अधीक्षण अभियन्ता सहित मुख्य अभियन्ता ग्रामीण कार्य विभाग का भी अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

## भाजपा खलारी मंडल कार्यकर्ताओं ने की बैठक

खलारी। भाजपा खलारी मंडल कार्यकताओं की एक बैठक बुकबुका पंचायत भवन में किया गया। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा ने किया। बैठक का मुख्य उद्देश्य 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उलिहातु, खूंटी आगमन एवम खूंटी स्टेडियम में आयोजित जनसभा के कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु तैयारी निमित्त किया था। इस पर कार्यकताओं ने सर्वसम्मति से सभा को सफल बनाने के लिए खलारी प्रखंड के सभी 60 बूथों के कार्यकर्ता हिस्सा लेंगे। जिसके लिए 15 नवंबर को हर बूथ पर बसों में भर कर खूंटी को प्रस्थान करेंगे। बैठक में भरत रजक, शशि, कृष्णा,रामसूरत,रविन्द्र,अरविंद किरण,सरस्वती सहित अन्य मौजूद थे।

# कॉन्सटेंट लिवान्स हॉस्पिटल में 200 बेड वाले अस्पताल का शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता



मांडर। मिशन स्थित कॉन्सटेंट लिवान्स हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में मगंलवार को दो सौ बेड अस्पताल का शिलान्यास फादर कोंस्टेंट लिवन्स की 150वीं पुण्यतिथि और कोंस्टेंट लिवन्स अस्पताल एंड रिसर्च सेंटर मांडर के सातवें वार्षिकोत्सव के अवसर पर किया गया। यह अस्पताल सात करोड़ की लागत से डेढ़ से दो साल के अंदर अस्पताल बनकर तैयार हो जाएगा। अयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि के तौर पर उपस्थित भारत और नेपाल के लिए मोस्ट रेव्ह लियोपोल्डो गिरेली अपोस्टोलिक नुनसियो। जिन्होने आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज हम सभी इस स्थान पर जिस कार्य के लिए एकत्रित हुए हैं यह दिवंगत कार्डिनल टेलेस्फोर पी टोप्पो की देन है। इस अस्पताल के निर्माण का सपना उन्होंने वर्षों पहले देखा था, कुछ देर तो हुई पर अंततः आज इसकी आधारशिला रख दी गई। उनका सपना था कि जनजातियों सहित समाज के वैसे लोग जो हाशिए पर खड़े हैं सभी को एक अस्पताल के माध्यम से अत्याधुनिक स्वास्थ्य सेवा मिले। इसी क्षेत्र से होने के कारण उनका विशेष लगाव यहां के लोगों से था, और यही कारण था कि उन्होंने इस अस्पताल के निर्माण की सोच रखी थी।

कार्यक्रम में बतौर अतिथि भारत और नेपाल के लिए मोस्ट रेव्ह लियोपोल्डो गिरेली-अपोस्टोलिक नुनसियो, सीबीसीआई अध्यक्ष एंड्रयूज थजथ, सीबीसीआई उपाध्यक्ष जॉर्ज एंटनीसामी, जोसेफ मार थॉमस, सीबीसीआई उप महासचिव फादर जर्विस डिसूजा, एसएमईएनआई अध्यक्ष सीबीसीआई टेलीस्फोर बिलुंग, सीबीसीआई अध्यक्ष एनआई आनंद जोजो, सीबीसीआई एसएमई एनआई सचिव फेलिक्स, बोर्ड सदस्य सीबीसीआई हम एनआई थॉमस डिसूजा, जॉन मूलचिरा, सेबेस्टियन कल्लुपुरा, यूजीन, इमैनुएल, फादर साबू फ्रांसिस, फादर बिनय, मनोज वेंगाथनम, फादर विंसेंट सन, जूलियस मरांडी,थियोडोर मैस्करेनहास, एंटोनिस, विधायक शिल्पी नेहा, पूर्व मंत्री बंधु तिर्की और भाजपा नेता सन्नी टोप्पो आदि शामिल हुए।

झारखण्ड राज्य ग्रामीण पथ विकास प्राधिकरण (JSRRDA)
एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धुर्वा, राँची –834004, झारखण्ड

अति अल्पकालीन ई–पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना (2nd Call)

PR No.- 303206 Dated : 25.07.2023

अति अल्पकालीन ई–पुनर्निविदा संख्या:- 127/2023-24 दिनांक :- 07.11.2023

मुख्य अभियंता, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची द्वारा निम्नविवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र० सं० | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | अक्षर में (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | JH-M-KHU-01 / 2023-24 | 1 | बिरबाँकी से घाघरा होते हुए बदानी तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य।(लं० – 10.800 कि०मी०) | 1030.685 | दस करोड़ तीस लाख अड़सठ हजार पाँच सौ रू० मात्र | 09 महीना |
| | | 2 | बिरबाँकी से बगरी तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 6.00 कि०मी०) | | | |
| 2 | JH-M-KHU-03 / 2023-24 | 1 | एन०एच०–33 डोरिया मोड़ से सलगाडीह नहर भाया सुन्दरडीह तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 4.300 कि०मी०) | 1204.59 | बारह करोड़ चार लाख उनसठ हजार रू० मात्र | 09 महीना |
| | | 2 | पुन्डीदीरी से डेगादिरी भाया डिमरा, लंकेया तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 5.300 कि०मी०) | | | |
| | | 3 | एन०एच०–33 सिंदुआरी बाजार से टोंड़ाग मोड़ लोबगा होते हुए जोपनो गुटीबारू तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 7.100 कि०मी०) | | | |
| | | 4 | परासी बाजार टांड से बान्दासरना ईचापीड़ी आदिलोर कुतुल, दुरबू पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 5.30 कि०मी०) | | | |
| 3 | JH-M-KHU-04 / 2023-24 | 1 | मरांगबुरू से गम्हरिया पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 10.950 कि०मी०) | 1363.562 | तेराह करोड़ तिरसठ लाख छप्पन हजार दो सौ रू० मात्र | 09 महीना |
| | | 2 | टुईगुटू से कुरिया पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 10.150 कि०मी०) | | | |

2. वेबसाईट मे निविदा प्रकाशन की तिथि:–09.11.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– 16.11.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:–17.11.2023 अपराह्न 3.30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– मुख्य अभियंता का कार्यालय, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची, एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०– ____________

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in मे देखा जा सकता है।

मुख्य अभियंता
जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची।

PR 310851 Rural Work Department(23-24)#D

झारखण्ड सरकार,
कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग)
कार्यालय, अनुमण्डल सह जिला कृषि पदाधिकारी, सिमडेगा।
Email:-simdegagriculture@gmail.com

किसान भाईयों के लिए आवश्यक सूचना

वर्ष 2023 में सिमडेगा जिला अन्तर्गत PM-KUSUM (कृषि उर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान) Component-B (Phase-III) योजनान्तर्गत सिचांई कार्य हेतु/सोलर पम्पसेट का वितरण अनुदानित दर पर किसानों के बीच किया जाना है, जिसकी चयन प्रकिया एवं पात्रता की विवरणी निम्नवत: है:–

1. इच्छुक किसान जिनके खेतों में Grid Connectivity उपलब्ध नहीं है, वह योजना के वेबपोर्टल http://pmkusum.jharkhand.gov.in पर संबंधित दस्तावेजों के साथ 2 HP (AC& DC), 3 HP (AC & DC) एवं 5 HP (AC & DC) क्षमता के सोलर पम्पसेट के लिए आवेदन कर सकते है।
2. कृषकों को व्यक्तिगत/सामुदायिक स्तर पर सोलर पम्पसेट उपलब्ध करायी जायेगी। कृषकों को पम्प की क्षमता के अनुसार सिचांई कुप 4"/6"/8"/10" व्यास की डीप बोरिंग अपने स्तर से कराना होगा। इस योजना का लाभ सभी वर्ग/स्तर के कृषकों को दिया जायेगा, जिनके पास कृषि योग्य भूमिका होना अनिवार्य होगा।
3. कृषकों के चयन में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/ लघु एवं सिमांत किसानों जो आर्थिक दृष्टि से कमजोर है, Micro & Drip Irrigation से जुड़े हुए किसानों एवं महिला किसानो को प्राथमिकता दी जायेगी।
4. कृषकों को उर्जा के उपयोग के आधार पर Dc Pump एवं Ac Pump का चयन स्वयं करना होगा तथा पानी के श्रोत के आधार पर Submersible / Surface Pump का चयन करना होगा।
5. ज्रेडा द्वारा जारी वेब पोर्टल पर ऑनलाईन विहित प्रपत्र के साथ प्रमाण (आधार), आवासीय प्रमाण (आधार कार्ड/मतदाता पहचान पत्र/राशन कार्ड/बिजली बिल) कृषि योग्य भूमि होने का प्रमाण–पत्र (जमीन का अद्यतन लगान रशीद) पोर्टल पर अपलोड करना होगा।
6. समूह के प्रत्येक व्यक्ति किसानों द्वारा संलग्न किय जाने वाले दस्तावेज–समूह के सभी किसानों का आवासीय प्रमाण पत्र (आधार कार्ड/ मतदाता पहचान पत्र/राशन कार्ड/बिजली बिल), समूह के सभी किसानों का जमीन का अद्यतन लगान रशीद, समूह के सभी किसानों का एक स्व–सत्यापित हाल का पासपोट साईज फोटो अपलोड करना होगा।
7. लाभूक अंशदान की राशि 2 HP (AC& DC), 3 HP (AC & DC) एवं 5 HP (AC & DC) के लिए क्रमश: रूपये 5000/–, रूपये 7000/– एवं रूपये 10000/–मात्र निर्धारित है तथा शेष राशि अनुदान के रू. में राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार द्वारा वहन किया जायेगा।
8. आवेदक को विहित प्रपत्र में शपथ पत्र नोटरी द्वारा सत्यापित कर करके ऑनलाईन आवेदन में संलग्न करना होगा।
9. वैसे लघु एवं सिमांत किसानों को सोलर आधारित पम्पसेट का लाभ दिया जायेगा जो पहले महँगें ग्रीड आधारित/डीजल पम्पसेट का प्रयोग कर पाने में सक्षम नही थे। वैसे स्थान पर सोलर पम्प लगाया जायेगा जहाँ बिजली की व्यवस्था पूर्व से न हों।
10. वैसे आवेदन Data Analysis के दौरान गलत पाये जाते है तो उसे रदद् कर दिया जायेगा।
11. जिन किसानों/उनके परिवार के सदस्यों के नाम पर सोलर चालित पम्पसेट योजना का लाभ पूर्व में दिया जा चूका है उन किसानों को इस योजना में दुबारा लाभ नहीं दिया जायेगा।
12. यदि एक बार उर्जा यंत्र लगा दिये जायेगें तो उन्हें एक जगह से दूसरी जगह स्थानान्तरित नही कर सकते है। और इस यंत्र की सुरक्षा की जिम्मेवारी संबंधित किसान की होगी। सरकार द्वारा इसकी कोई जिम्मेदारी नही ली जायेगी।
13. ज्रेडा द्वारा जारी वेब पोर्टल पर किसानों द्वारा भरे गये ऑनलाईन आवेदनों को जिला एवं प्रखण्ड स्तर पर पदस्थापित पदाधिकारियों द्वारा भौतिक सत्यापन किया जायेगा। भौतिक सत्यापन के उपरांत स्वीकृत आवेदनों के लिए बैंक ड्राफ्ट/ आनलाईन पेंमेंट जमा करना होगा।
14. चयन समिति के द्वारा कृषकों से प्राप्त ऑनलाईन आवेदनों (वांछित अनुलग्नकों के साथ) की जांच की जायेगी तथा भौतिक सत्यापन के आधार पर चयन समिति द्वारा आवेदनों को स्वीकृत कर ऑनलाईन ज्रेडा कार्यालय को अग्रसारित कर दी जायेगी।

जिला कृषि पदाधिकारी,
सिमडेगा।

PR 310862 Agriculture(23-24)D

# अद्भुत, अविश्वसनीय ! मैक्सवेल

## डबल सेंचुरी जड़कर अफगान लड़ाकों के जबड़े से छीनी जीत



मैन ऑफ द मैच ग्लेन मैक्सवेल

- अफगानिस्तान को हराकर ऑस्ट्रेलिया ने रचा इतिहास
- विश्व कप में लक्ष्य का पीछा करते ऑस्ट्रेलिया की सबसे बड़ी जीत
- ऑस्ट्रेलिया सेमीफाइनल में, अफगानिस्तान तीन विकेट से हारा

### रन चेज में वनडे का सबसे बड़ा स्कोर

ग्लेन मैक्सवेल ने रन चेज में सबसे बड़ी इंडिविजुअल पारी खेली। उन्होंने 128 बॉल पर नाबाद 201 रन बनाए। मैक्सवेल ने पाकिस्तानी ओपनर फखर जमान (193 रन) का रिकॉर्ड तोड़ा, जो उन्होंने 2021 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ बनाया था।

### ऑस्ट्रेलिया का सबसे बड़ा रन चेज

ऑस्ट्रेलिया ने वर्ल्ड कप में अपना सबसे बड़ा रन चेज किया है। इससे पहले, टीम का सबसे बड़ा रन चेज 287 रन का था, जो कंगारू टीम ने 1996 वर्ल्ड कप में न्यूजीलैंड के खिलाफ किया था।

### वनडे में 8वें नंबर पर सबसे बड़ी साझेदारी

ग्लेन मैक्सवेल और कप्तान पैट कमिंस की जोड़ी ने 8वें विकेट के लिए 202 रन की नाबाद साझेदारी की। यह वनडे में आखिरी तीन विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है। मैक्सवेल-कमिंस की जोड़ी ने एंड्रू हाल और जस्टिन कैंप का रिकॉर्ड तोड़ा। साउथ अफ्रीकी जोड़ी ने भारत के खिलाफ 2006 में कैपटाउन में नाबाद 138 रन की पार्टनरशिप की थी। वहीं, वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी ने कपिल देव और सैय्यद किरमानी का रिकॉर्ड तोड़ा, जो भारतीय जोड़ी ने 1983 वर्ल्ड कप के दौरान जिम्बाव्वे के खिलाफ बनाया था। कपिल-किरमानी ने 9वें विकेट के लिए नाबाद 126 रन की पार्टनरशिप की थी।

एजेंसी

**मुंबई।** संकटकालीन स्थिति में ग्लेन मैक्सवेल की नाबाद 201 रनों की दोहरे शतकीय पारी के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने आइसीसी विश्वकप के 39वें मुकाबले में मंगलवार को अफगानिस्तान को तीन विकेट से हराया। मौजूदा विश्वकप में यह किसी भी बल्लेबाज द्वारा बनाया गया पहला दोहरा शतक है। वानखेडे स्टेडियम में 292 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की पारी शुरूआत बेहद खराब रही और एक समय तो 16.4 ओवरों में 91 के स्कोर पर उसने सात विकेट गंवा दिये थे और वह हार की कगार पर पहुंच गई थी। संकट की स्थिति में मैक्सवेल ने पारी को संभाला 128 गेंदों नाबाद 201 रन की पारी खेलते हुए अपनी टीम को 46.5 ओवर में 193 रन बनाकर जीत दिला दी। ऑस्ट्रेलिया की शुरूआत खराब रही, दूसरे ओवर की दूसरी गेंद पर ट्रैविस हेड शून्य पर नवीन उल हक ने विकेटकीपर अलीखिल कैच आउट कराकर पवेलियन भेजकर ऑस्ट्रेलिया को पहला झटका दिया। छठे ओवर में मिचेल मार्श 24 रन पगबाधा के रूप में नवीन उल हक का दूसरा शिकार बने। इसके बाद नौवें ओवर की पहली गेंद पर उमरजई ने डेविड वॉर्नर 18 रन को पवेलियन भेज दिया और अगली ही गेंद पर उन्होंने जॉश इंग्लस शून्य को इब्राहिम जदरान के हाथों कैच आउट करा दिया। 15वें ओवर में राशिद ने मार्कस स्टॉयनिस छह रन को पगबाधा आउट किया। इसके बाद मिचेल स्टार्क तीन रन को राशिद ने अपना शिकार बनाया। मार्नस लाबुशेन 14 रन को रहमत ने रन आउट किया। पैट कमिंस नाबाद 12 रन ने मैक्सवेल के साथ आठवें विकेट के लिए रिकार्ड 202 रनों की साझेदारी की।

## इब्राहिम जादरान ने रच दिया इतिहास



**मुंबई।** अफगानिस्तान के स्टार ओपनर इब्राहिम जादरान ने मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में कोहराम मचा दिया। उन्होंने कंगारू गेंदबाजों की जमकर धुनाई की। इसके चलते इब्राहिम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शतक ठोक डाला। 21 साल के जादरान ने मिचेल स्टार्क, पैट कमिंसस, जोश हेजलवुड जैसे गेंदबाजों की तबियत से पिटाई की। इब्राहिम ने 131 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। इब्राहिम जादरान ने पारी के 44वें ओवर में जोश हेजलवुड के खिलाफ ओवर की आखिरी गेंद पर डबल लेकर अपनी सेंचुरी पूरी की। आपको बता दें कि अफगानिस्तान के लिए यह वनडे वर्ल्ड कप के इतिहास में पहली बार किसी खिलाड़ी ने सेंचुरी ठोकी है। जादरान वर्ल्ड कप में अफगानिस्तान के लिए शतक लगाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं।जादरान ने अपनी शतकीय पारी में 7 चौके ठोके। उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों के खिलाफ संघर्ष किया लेकिन हार नहीं मानी। जादरान की यह वनडे करियर में पांचवीं सेंचुरी थी। जो उन्होंने कारनामा किया उसके लिए उन्हें सालों साल याद किया जाएगा। इतना ही नहीं बल्कि जादरान अब भी पिच पर नाबाद हैं।

### मिशेल स्टार्क ने तोड़ा वसीम अकरम का बड़ा रिकॉर्ड, बन गए नंबर 1

वानखेड़े स्टेडियम में अफगानिस्तान के खिलाफ खेले गए मुकाबले में ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज स्टार्क ने बड़ा रिकॉर्ड बना दिया। स्टार्क ने अफगानिस्तान के कप्तान शाहिदी को बोल्ड करते ही क्रिकेट विश्व कप इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट बोल्ड से हासिल करने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। इससे पहले यह रिकॉर्ड पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज वसीम अकरम के नाम पर था। स्टार्क के नाम अब 119 वनडे में 230 विकेट हो गए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 28 रन देकर 6 विकेट हैं जोकि साल 2014 में न्यूजीलैंड के खिलाफ आया था। वह ऑस्ट्रेलिया के लिए वनडे में सबसे में ज्यादा विकेट लेने वाले 5वें गेंदबाज बन गए हैं। ग्लेन मैकग्रा और ब्रैट ली दोनों ऑस्ट्रेलिया के लिए वनडे में सबसे ज्यादा विकेट (380-380) लेने वाले गेंदबाज हैं। इसके बाद शेन वार्न 291 और मिशेल जॉनसन 239 का नाम आता है।

# इंग्लैंड की नजरें जीत के साथ चैंपियंस ट्रॉफी की दावेदारी पर भी




एजेंसी

**पुणे।** विश्व कप में बेहद निराशाजनक प्रदर्शन कर खिताबी दौड़ से बाहर हो चुकी गत चैम्पियन इंग्लैंड की टीम बुधवार को जब नीदरलैंड के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो उसके सामने जीत के साथ चैंपियंस ट्रॉफी में जगह बनाने की दौड़ में बने रहने की चुनौती होगी। इंग्लैंड सात मैचों में महज एक जीत के साथ 10 टीमों की तालिका में आखिरी पायदान पर है जबकि नीदरलैंड की स्थिति उससे थोड़ी बेहतर है। टीम इतने ही मैचों में दो जीत और चार अंक के साथ नौवें स्थान पर है। दोनों टीमें आधिकारिक तौर पर सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर है। इंग्लैंड शनिवार को चिर-प्रतिद्वंद्वी ऑस्ट्रेलिया से 33 रन की हार का सामना करना पड़ा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आइसीसी) ने टूनामेंट के दौरान बताया कि मेजबान पाकिस्तान के अलावा विश्व कप की शीर्ष सात टीमें 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के लिए क्वालीफाई करेंगी। इसके बाद से सभी टीमों ने इसमें जगह बनाने के लिए जोर लगाना शुरू कर दिया। चार साल बाद चैंपियन बनी इंग्लैंड की टीम के लिए इस बार विश्व कप में कुछ भी अच्छा नहीं रहा। इससे पहले इंग्लैंड की कोई भी टीम विश्व कप में इतने अधिक मैच नहीं हारी है। हालात यह है कि नीदरलैंड के खिलाफ भी टीम को तगड़ा दावेदार नहीं माना जा रहा है। चैंपियंस ट्रॉफी के लिए क्वालीफाई करने के लिए इंग्लैंड को नीदरलैंड और फिर पाकिस्तान के खिलाफ जीत दर्ज करनी होगी। यह हालांकि इतना आसान नहीं होगा क्योंकि कागजों पर मजबूत दिखने वाली 'थ्री लायन्स' की टीम का आत्मविश्वास काफी नीचे गिर गया है। टीम की बल्लेबाजी इकाई बुरी तरह विफल रही है। सलामी बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो और डेविड मलान अच्छी शुरूआत दिलाने के लिए संघर्ष करते दिखे है, जबकि अनुभवी जो रूट अपनी ख्याति के मुताबिक निरंतर प्रदर्शन नहीं कर सके। कप्तान जोस बटलर और बड़े शॉट खेलने में माहिर लियाम लिंयामस्टोन भी बुरी तरह विफल रहे हैं।

## हारिस रऊफ की गेंद पर विराट कोहली के छक्के को आइसीसी ने बताया 'शॉट ऑफ द सेंचुरी



**नयी दिल्ली।** पिछले टी20 वर्ल्ड कप में विराट कोहली ने हारिस रऊफ की गेंद पर अविश्वनीय शॉट खेला था। इस शॉट ने काफी सुर्खियां बटोरी थीं। दरअसल, हारिस रऊफ की तेज गेंद पर विराट कोहली ने बैकफुट पर जाकर सामने की तरफ छक्का लगा दिया। इस शॉट के बाद गेंदबाज समेत विपक्षी टीम के खिलाड़ी हैरान रह गए थे। वहीं, अब आइसीसी ने विराट कोहली के शॉट को शॉट ऑफ द सेंचुरी से नवाजा है। आइसीसी ने सोशल मीडिया पर विराट कोहली का वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में आइसीसी ने लिखा है- शॉट ऑफ द सेंचुरी। हालांकि, इसके अलावा आइसीसी ने वीडियो में विराट कोहली से जुड़े कई अन्य पलों को शामिल किया है। सोशल मीडिया पर वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। वहीं, सोशल मीडिया यूजर्स लगातार कमेंट्स कर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

## श्रीलंका की अदालत ने क्रिकेट बोर्ड को किया बहाल

**कोलंबो।** श्रीलंका के खेल मंत्री रोशन रणसिंघे द्वारा बर्खास्त किये गये देश के क्रिकेट बोर्ड को वहां की अदालत ने मंगलवार को बहाल कर दिया है। अदालत ने बोर्ड अध्यक्ष शम्मी सिल्वा की खेल मंत्री रणसिंघे द्वारा क्रिकेट बोर्ड को बर्खास्त किये जाने के कदम को अदालत में चुनौती देते हुए याचिका दायर की थी, जिसे अदालत ने सुनवाई के लिए स्वीकार कर लिया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार श्रीलंका कोर्ट ऑफ अपील ने देश के क्रिकेट बोर्ड को बर्खास्त करने के खेल मंत्री के फैसले को रद्द करते हुए सुनवाई पूरी होने तक निष्कासित अधिकारियों को बहाल कर दिया।

## शाकिब अल हसन विश्व कप 2023 से बाहर

**नयी दिल्ली।** बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन बाईं तर्जनी में चोट के कारण मंगलवार को आईसीसी वनडे विश्व कप 2023 के शेष मैच से बाहर हो गए। शाकिब को सोमवार को श्रीलंका के खिलाफ बांग्लादेश के अंतिम लीग चरण के खेल में बल्लेबाजी करते समय चोट लगी थी। मैच के बाद एक्स-रे में फ्रैक्चर की पुष्टि हुई जिससे वह पुणे में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बांग्लादेश के टूनामेंट के आखिरी मैच से बाहर हो गए। राष्ट्रीय टीम के फिजियो बायजेदुल इस्लाम खान ने चोट के बारे में अधिक जानकारी देते हुए कहा, 'शाकिब को उनकी पारी की शुरूआत में बाईं तर्जनी पर चोट लगी थी, लेकिन उन्होंने सहायक टेपिंग और दर्द निवारक दवाओं के साथ बल्लेबाजी करना जारी रखा।' उनके बाएं पीआईपी जोड़ पर फ्रैक्चर की पुष्टि हुई। रिकवरी तीन से चार सप्ताह में होने का अनुमान है।

# मां बनने के बाद जीवन में 360 डिग्री बदलाव आया: दीपिका

एजेंसी

**पणजी।** पूर्व वर्ल्ड नंबर-1 तीरंदाज और अर्जुन अवॉर्डी दीपिका कुमारी ने दिल्ली राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण और एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीतने के बाद पिछले एक दशक से अधिक समय तक विश्व मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व किया है। ओलंपियन और दो बार की विश्व चैंपियनशिप की पदक विजेता दीपिका ने दिसंबर 2022 में बेटी वेदिका को जन्म देने के बाद से तीरंदाजी से ब्रेक ले लिया था। 29 वर्षीय खिलाड़ी ने दिखाया कि लंबे अंतराल से उनकी भूख कम नहीं हुई है क्योंकि उन्होंने हरियाणा की संगीता को 6-2 से हराकर रिकर्व महिला व्यक्तिगत स्वर्ण और निर्मल चौहान के साथ मिश्रित टीम का स्वर्ण पदक जीता। इसके बाद उन्होंने दीप्ति कुमारी और कोमलिका बारी के साथ मिलकर महिला टीम को रजत पदक दिलाया। दीपिका, कोमलिका और दीप्ति को फाइनल में हरियाणा से शूट-आउट में हार का सामना करना पड़ा था। फाइनल के बाद दीपिका ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो स्वर्ण से ज्यादा से मेरे लिए मेरा प्रदर्शन महत्वपूर्ण था। मेरी मानसिकता जीत या हार के बारे में नहीं थी, बल्कि यह मेरे द्वारा अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के बारे में थी। मैं अपने शॉट्स पर ध्यान केंद्रित करना चाहती थी और अपने मन में चल रहे अन्य विचारों को शांत करना चाहती थी। यह कुछ ऐसा है जो भविष्य में भी मुझे मानसिक रूप से मदद करेगा। मां बनने के बाद उनकी जिंदगी कितनी बदल गई है, इस बारे में दीपिका ने कहा, यह नई जिंदगी मेरे लिए आसान बदलाव नहीं है। यह बदलाव मेरे लिए 360 डिग्री की तरह है। मैं अपने आस-पास के लोगों से बात करती हूं ताकि मैं अपनी हताशा को नियंत्रित कर सकूं। मैं अब हर चीज को



लेकर शांत रहना चाहती हूं क्योंकि मैंने इस तथ्य को स्वीकार कर लिया है कि यह अब मेरा जीवन है और मुझे दोनों दुनिया के लिए बैलेंस बनाना है। भारतीय टीम में वापसी को ध्यान में रखते हुए अपनी ट्रेनिंग की गति कम किए बिना अपनी बेटी की देखभाल के बीच अपना समय बांटने से संतुलन बनाने की शुरूआत होती है। झारखंड की इस खिलाड़ी ने आगे कहा, मैं अपनी ताकत, आत्मविश्वास को फिर से वापस पाने और अपनी तकनीक को बेहतर बनाने पर काम कर रही हूं ताकि मैं जल्द से जल्द भारतीय टीम में वापसी कर सकूं। मेरा दिन अब पहले सुबह 5 बजे या कभी-कभी 4 बजे भी शुरू होता है। मैं सुबह 7:30 बजे अभ्यास के लिए निकलने से पहले अपनी बेटी के साथ कुछ समय बिताना पसंद करती हूं। उन्होंने कहा, मैं दोपहर तक घर लौटती हूं, फिर थोड़ा आराम करती हूं और दोपहर 3:30 बजे अभ्यास और कसरत के लिए फिर से निकल जाती हूं। अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन हासिल करने के लिए मेरा लक्ष्य प्रतिदिन कम से कम 300-350 तीर चलाने का है। दीपिका ने अपना ध्यान बनाए रखने में मदद के लिए अपनी दिनचर्या में योग और ध्यान जैसी चीजों को भी शामिल किया है, जबकि वह धीरे-धीरे दौड़ने, बॉडीवेट और हल्के वजन वाले अभ्यास के साथ अपने शारीरिक वर्कआउट को बढ़ाती हैं। वह अभी भी भारतीय तीरंदाजी में टॉप एथलीटों में से एक हैं और दुनिया में नंबर 2 स्थान पर है। दीपिका आने वाली पीढ़ी के युवा तीरंदाजों द्वारा उनके सामने आने वाली चुनौती के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कहा, आजकल राष्ट्रीय सर्किट में हर तीरंदाज अच्छी तरह से तैयार होकर आता है और उन सभी की अपनी ताकत है। आजकल प्रतिस्पर्धी युवा हैं और उनके अंदर सफल होने की भूख है, इसलिए हमें राष्ट्रीय टीम में अपनी जगह बनाए रखने के लिए सीनियर के रूप में अतिरिक्त मेहनत करनी होगी। दीपिका ने कहा, मैं शांत रहने की कोशिश करती हूं और उनकी ऊर्जा से मेल खाने में सक्षम होने के लिए पहले की तुलना में अधिक अभ्यास करती हूं, साथ ही शीर्ष पर बने रहने के लिए वर्षों से प्राप्त ज्ञान और अनुभव का भी उपयोग करती हूं।

## बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के लिए न्यूजीलैंड टीम का ऐलान

**ऑकलैंड (न्यूजीलैंड)।** न्यूजीलैंड की सीनियर पुरुष टीम के चयनकताओं ने इस महीने के अंत में बांग्लादेश में शुरू होने वाली दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए स्पिन-भारी टीम का चयन किया है जिसमें काइल जैमीसन, रचिन रवींद्र और मिशेल सेंटनर की वापसी होगी। यह श्रृंखला ब्लैक कैप्स के लिए आइसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के तीसरे चक्र की शुरूआत है और इसमें ल्यूक रोंची के नेतृत्व में एक कोचिंग टीम शामिल होगी जो नियमित मुख्य कोच के रूप में है, क्योंकि गैरी स्टीड भारत में आइसीसी क्रिकेट विश्व कप के बाद घर लौट रहे हैं। श्रृंखला में रोंची को गेंदबाजी कोच जैकब ओरम (तेज गेंदबाज) और सकलैन मुश्ताक (स्पिन) के साथ-साथ डैनियल फ्लिन द्वारा सहायता प्रदान की जाएगी जो पहली बार बल्लेबाजी कोच के रूप में टीम में शामिल हुए हैं। बांग्लादेश में स्पिन के अनुकूल परिस्थितियों की उम्मीद के साथ चयनकताओं ने बाएं हाथ के स्पिनर अजाज पटेल और लेग स्पिनर ईश सोढ़ी को शामिल करने के लिए सफेद गेंद के विशेषज्ञ रचिन रवींद्र, जैमीसन और मिशेल सेंटनर को वापस लाया है।

**बांग्लादेश बनाम न्यूजीलैंड टेस्ट सीरीज**

- दो दिवसीय अभ्यास मैच - 23-24 नवंबर - सिलहट
- पहला टेस्ट - 28 नवंबर - 2 दिसंबर - सिलहट
- दूसरा टेस्ट - 6-10 दिसंबर - शेर-ए-बांग्ला नेशनल क्रिकेट स्टेडियम, ढाका

**सीरीज के लिए न्यूजीलैंड टीम**

टिम साउथी (कप्तान), टॉम ब्लंडेल (विकेटकीपर), डेवोन कॉनवे, मैट हेनरी, काइल जैमीसन, टॉम लैथम, डेरिल मिशेल, हेनरी निकोल्स, अजाज पटेल, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, मिशेल सेंटनर, ईश सोढ़ी, केन विलियमसन, विल यंग।

# एफआइएच विश्व रैंकिंग में छठे स्थान पर पहुंची भारतीय महिला हॉकी टीम

खबर मन्त्र संवाददाता

- भारतीय महिला हॉकी टीम को 13 से 19 जनवरी तक रांची में होने वाले एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालिफायर में दुनिया की पांचवें नंबर की टीम जर्मनी के साथ रखा गया है जिससे उसे कड़ी चुनौती का सामना करना होगा।



**रांची।** झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2023 का खिताब जीतने के बाद भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईच विश्व रैंकिंग में अब 2368.83 अंकों के साथ छठें स्थान पर आ गई है। हाल के दिनों में, टीम 8वें स्थान पर थी, लेकिन 19वें एशियाई खेलों हांग्जो 2022 में कांस्य पदक और झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी की जीत ने भारतीय महिला हॉकी टीम को अपने अब तक के सर्वश्रेष्ठ स्थान पर वापस ला दिया है, जहां जून 2022 में एफआईच प्रो लीग के दौरान भारतीय टीम थी। नीदरलैंड 3422.40 अंकों के साथ शीर्ष स्थान पर है, उसके बाद ऑस्ट्रेलिया 2817.73 अंकों के साथ दूसरे और अर्जेंटीना 2766.90 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। भारत से ऊपर रैंकिंग वाली अन्य दो टीमें बेल्जियम 2608.77 अंकों के साथ चौथे और जर्मनी 2573.72 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर हैं। विश्व रैंकिंग में उछाल टीम के लिए आगामी एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर की तैयारियों के लिए एक बड़ा मौका है, जो 13 जनवरी से 19 जनवरी 2024 तक रांची, भारत में आयोजित होने वाला है। भारतीय महिला हॉकी टीम पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने के लिए जर्मनी, न्यूजीलैंड, जापान, चिली, संयुक्त राज्य अमेरिका, इटली और चेक गणराज्य से भिड़ेगी। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष पद्मश्री डॉ. दिलीप टिर्की ने भारतीय महिला हॉकी टीम की प्रशंसा करते हुए कहा, मैं इस रैंकिंग को हासिल करने के लिए टीम को बधाई देना चाहता हूं, यह उनके अब तक के करियर में की गई कड़ी मेहनत और बलिदान का प्रमाण है। लक्ष्य समय के साथ शीर्ष तीन में जगह बनाना है और यह एक अच्छे संकेतक के रूप में कार्य करता है कि टीम आगे बढ़ रही है। पीटर हैबरल के भी मानसिक कंडीशनिंग कोच के रूप में सेटअप में शामिल होने से मुझे विश्वास है कि टीम निकट भविष्य में और मजबूत होगी और खुद को आगे बढ़ाएगी। हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा, भारतीय महिला हॉकी टीम ने दुनिया की छठी सर्वश्रेष्ठ टीम बनने के लिए अच्छा प्रदर्शन किया है, वे सभी प्रशंसा की पात्र हैं। और एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर भी आने वाले हैं, यह दुनिया को यह दिखाने का एक शानदार अवसर है कि भारत एक ताकत है।

## हॉकी इंडिया में शामिल हुए दो नये अकादमी सदस्य




एजेंसी

**नयी दिल्ली।** जमीनी स्तर पर युवा प्रतिभाओं को सामने लाने के अपने प्रयास को जारी रखते हुए, हॉकी इंडिया ने मंगलवार को दक्षिणी अल्फा स्पोर्ट्स अकादमी और रितु रानी हॉकी अकादमी को दो नए अकादमी सदस्यों के रूप में शामिल किया है। यह निर्णय हॉकी इंडिया कार्यकारी निकाय द्वारा 03 नवंबर 2023 को मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम मीटिंग हॉल में आयोजित 13वीं कांग्रेस में औपचारिक रूप से लिया गया था। बेंगलुरु, कर्नाटक में स्थित दक्षिणी अल्फा स्पोर्ट्स अकादमी की स्थापना पार्थसारथी झा ने की थी। अकादमी विभिन्न खेल कार्यक्रमों में उत्कृष्टता का वादा करती है। पूर्व भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान रितु रानी के नाम पर, रितु रानी हॉकी अकादमी की स्थापना हर्ष शर्मा ने की थी। नये शामिल किये गये अकादमी सदस्यों पर हॉकी इंडिया के अध्यक्ष पद्मश्री डॉ. दिलीप टिर्की ने कहा, हॉकी इंडिया में हमारे लिए दो नए अकादमी सदस्यों - दक्षिणी अल्फा स्पोर्ट्स अकादमी और रितु रानी हॉकी अकादमी- को शामिल करना गर्व का क्षण है। यह वास्तव में खेल के विकास और जमीनी स्तर पर नई प्रतिभाओं की खोज में हमारे प्रयासों को मजबूत करता है। मैं दोनों अकादमियों को शुभकामनाएं देना चाहता हूं और उम्मीद करता हूं ये खेल के कल्याण के लिए अपना अनुकरणीय कार्य जारी रखेंगे। हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा, अधिक अकादमियों के आने से, खेल जमीनी स्तर पर विभिन्न तरीकों से बढ़ रहा है और हमें दक्षिणी अल्फा स्पोर्ट्स अकादमी और रितु रानी हॉकी अकादमी के नए सदस्यों के रूप में बोर्ड पर आने से खुशी है। नए सदस्यों को शामिल करने के साथ, हॉकी इंडिया में वर्तमान में 27 स्थायी सदस्य, 33 एसोसिएट सदस्य, 51 अकादमी सदस्य और 2 हॉक-की सदस्य हैं।

